कार्यालय नगर निगम, पूर्णियाँ।

पत्रांक–1091

प्रेषक,

नगर आयुक्त,
नगर निगम, पूर्णियाँ

सेवा में,

निदेशक, नगरपालिका प्रशासन–सह– विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

पूर्णियाँ, दिनांक– 15.12.18

विषय :– बिहार विधान सभा की राजकीय आश्वासन संख्या– 113/16, 267/16, 294/16 एवं 115/18 का अनुपालन उत्तर सामग्री भेजने के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक – 245, दिनांक – 14.12.2018 एवं अपर सचिव –सह– उप निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 3187, दिनांक 14.12.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में बिहार विधान सभा की रायकीय आश्वासन संख्या – 113/16, 267/16, 294/16 एवं 115/18 का अनुपालन उत्तर सामग्री इस पत्र के साथ सलंग्न कर भेजा जा रहा है।

सादर प्रेषित।

विश्वासभाजन

15/12/2018

नगर आयुक्त,
नगर निगम, पूर्णियाँ।

कार्यालय नगर निगम, पूर्णियाँ

श्री विजय कुमार खेमका, माननीय स०वि०स० द्वारा पूछा जाने वाला
आश्वासन संख्या–113/16 का अनुपालन उत्तर सामग्री।

क्र० सं०	विषय	निवेदन का जवाब
1	2	3
1	पूर्णियाँ नगर निगम से जुड़े नए मुहल्ले को नागरिक सुविधायुक्त बनाने के संबंध में।	नगर निगम से जुड़े नये मुहल्लों को नागरिक सुविधायुक्त बनाने के लिए संबंधित वार्ड पार्षद से अनुशंसा प्राप्त होने पर सशक्त स्थायी समिति एवं बोर्ड के अनुमोदनोपरान्त सरकार से प्राप्त आवंटन के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

[signature] 1/3/11/2018
नगर आयुक्त
नगर निगम, पूर्णियाँ

कार्यालय नगर निगम, पूर्णियाँ

श्री विजय कुमार खेमका, माननीय स0वि0स0 द्वारा पूछा जाने वाला
निवेदन संख्या– 267/16 का अनुपालन उत्तर सामग्री।

क्र0 सं0	विषय	निवेदन का जवाब
1	2	3
1	पूर्णियाँ नगर निगम अन्तर्गत वर्ष 2015 में 2400 फुटपाथी दुकानदारों के बेन्डिंग जोन पर पुनर्वासित करने के संबंध में।	इस संबंध में दिनांक 29.11.2018 को सम्पन्न हुई बोर्ड की बैठक में कुल 07 (सात) स्थलों यथा (i) जीरो माईल (ii) मार्केटिंग गेट से शिव मंदिर सन्हौली चौक (iii) खुश्कीबाग रेलवे ब्रीज के उत्तर तरफ (iv) लाईन बाजार पशुपालन कार्यालय से उत्तर तरफ (v) टैक्सी स्टैंड से जेल चौक (vi) पॉलिटेकनिक चौक से बस स्टैण्ड (vii) मधुबनी मंदिर से के0हाट थाना चौक तक के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। इनमें से तत्काल दो स्थलों थाना चौक एवं पोलिटेकनिक चौक के समीप सड़क के किनारे भेंडिग जोन के रूप में विकसित करने की कार्रवाई की जा रही है।

[signature] 13/12/2018

नगर आयुक्त
नगर निगम, पूर्णियाँ

कार्यालय नगर निगम, पूर्णियाँ

श्री विजय कुमार खेमका, माननीय स०वि०स० द्वारा पूछा जाने वाला
निवेदन संख्या–294/16 का अनुपालन उत्तर सामग्री।

क्र० सं०	विषय	निवेदन का जवाब
1	2	3
1	पूर्णियाँ जिला स्थित मंझली चौक से चुनापूर घाट तक सड़क का निर्माण कराने के संबंध में।	उक्त वर्णित पथ के लिए मो० 3.73 करोड़ के लिए निकाली गई निविदा को अंतिम रूपा देने के उद्देश्य से इस कार्यालय के पत्रांक 927, दिनांक 03.11.18 द्वारा तुलनात्मक विवरणी अग्रेतर कार्रवाई हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को भेजा जा चुका है जिसकी प्रति सुलभ संकेत हेतु संलग्न किया जा रहा है। इस बीच दिनांक 30.11.2018 के प्रभाव से बिहार शहरी विकास अभिकरण का विलय बुडको में हो गया है। विभाग से स्वीकृति प्राप्त होते ही प्रक्रिया पालन करते हुए उक्त सड़क में निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा।

6/12/2018

नगर आयुक्त
नगर निगम, पूर्णियाँ

कार्यालय नगर निगम, पूर्णियाँ

श्री विजय कुमार खेमका, माननीय स0वि0स0 द्वारा पूछा जाने वाला
निवेदन संख्या–115/18 का अनुपालन उत्तर सामग्री।

क्र0 सं0	विषय	निवेदन का जवाब
1	2	3
1	पूर्णियाँ नगर निगम के वार्ड संख्या–42 में कप्तानपाड़ा शमशान घाट पर विद्युत शवदाह गृह का निर्माण कराने के संबंध में।	नगर निगम अन्तर्गत कप्तानपाड़ा में सौरा नदी के पूर्वी किनारे पर पी0एच0ई0डी0 द्वारा निर्मित शवदाहगृह बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया है जबकि नदी के पश्चिमी किनारे पर नगर निगम द्वारा निर्मात शवदाहगृह चालू अवस्था में है। विदित हो कि सौरा नदी के किनारे ही विधायक कोष से भी एल0ए0ई0ओ0 द्वारा अतिरिक्त शवदाहगृह का निर्माण कराया गया है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, पूर्णियाँ